तापमान
अधिकतम 34.6 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 1 मार्च 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

4 बिजली उपकरणों का उचित चयन करके ...


5 साइबर अपराध को लेकर समाज कार्य ...





**होली पर पुलिस का हाई अलर्ट**

### एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर थानों में ली गई शांति समिति की बैठक

# हुड़दंगियों पर रहेगी नजर, बिना अनुमति डीजे बजने पर होगी सख्ती, मुखौटा वार्निश पेंट स्प्रे पर रोक, निगरानीशुदा बदमाशों का बायोमीट्रिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

होली को लेकर जिले की पुलिस अगले चार दिनों तक हाई अलर्ट पर है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी प्रमुख चौक-चौराहों, भीड़वाली और सार्वजनिक जगहों पर पुलिस की तैनाती रहेगी। इतना ही नहीं नशे की हालत में वाहन चलाने, तीन सवारी वाहन चालकों और बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

हुड़दंगियों पर विशेष नजर रहेगी। शिकायत मिलते ही ऐसे सारे लोगों को हिरासत में लिया जाएगा। निगरानीशुदा गुंडे-बदमाशों को लेकर इस बार नई व्यवस्था की गई है, उनका बायोमीट्रिक सत्यापन किया जाना है। मुखौटा, वार्निश पेंट स्प्रे के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उपयोग करने और बेचने वाले दोनों पर कार्रवाई की जाएगी। होली के दिन सांप्रदायिक माहौल न बिगड़े, इसे लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक धमधा, बोरी, लिटिया, जेवरा सिरसा, खुरसीपार, पाटन, उतई, पुलगांव, अंजोरा, नगपुरा, कुम्हारी, रानीतराई एवं सुपेला में आयोजित की गई। इसमें जानकारी दी गई कि अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखी जाए।



### शहर में 1 हजार से अधिक पुलिस जवानों की होगी तैनाती

होली को ध्यान रखते हुए पुलिस ने 1 हजार से ज्यादा पुलिस जवानों की तैनाती की है। 250 से ज्यादा छोटे-बड़े पॉइंट पर ये तैनाती की गई है। इसके अलावा नगर सेना, स्काउट-गाइड, महिला कमांडो दल की भी मदद ली जा रही है। सभी जरूरी नंबरों को सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा किया जा रहा है, ताकि जरुरत के समय लोग इसका उपयोग कर सकें। हुड़दंग, अवैध मादक पदार्थ, लापरवाहीपूर्वक वाहन चालक, साउंड सिस्टम उल्लंघन के मामलों में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। ब्रेथ एनलाइजर से जांच के लिए अलग से टीम का गठन किया गया है, यह टीम हाईवे पर सक्रिय रहेगी।

### शांति समिति की बैठक में गाइडलाइन की दी गई जानकारी

होली को लेकर शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने अलग-अलग जगहों पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। एसएसपी विजय अग्रवाल ने सभी एएसपी, डीएसपी, एसडीओपी, टीआई, एसआई और चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा धमधा, बोरी, लिटिया, जेवरा सिरसा, खुरसीपार, पाटन, उतई, पुलगांव, अंजोरा, नगपुरा, कुम्हारी, रानीतराई एवं सुपेला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हुड़दंग न करने एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए लोगों को प्रेरित करने की अपील की गई। साउंड सिस्टम के लिए विधिवत अनुमति और रात 10 बजे के बाद प्रतिबंध लगाए जाने की जानकारी दी गई।

### असामाजिक तत्वों की सूचना देने पर विधायक देंगे 21,000 का इनाम



**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा के विधायक रिकेश सेन ने होली पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और मर्यादित बनाने के लिए एक कड़ा रुख अपनाया है। विधायक ने ऐलान किया है कि त्योहार की आड़ में हुड़दंग करने वाले और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों सख्त कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं उन्होंने हुड़दंग मुक्त वैशाली नगर अभियान के तहत इस तरह की गतिविधियों की सूचना देने पर 21,000 इनाम की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यदि होली के दौरान बाइक या स्कूटर में तीन सवारी, बिना कपड़ों के घूमना, बिना हेलमेट बनियान या अर्धनग्न अवस्था में हुड़दंग करते दिखें, यदि कोई भी हथियार लेकर घूमता या डराता-धमकाता नजर आए, सड़क पर बदमाशी करता है तो तत्काली इसकी सूचना फोटो वीडियो बनाकर उनके वाट्सअप नंबर दें। सही सूचना देने वाले को विधायक द्वारा 21,000 रुपये का इनाम दिया जाएगा।

### हुड़दंग करने वालों के खिलाफ इन नंबरों पर करें शिकायत

होली में हुड़दंगबाजी करने वाले और बदमाशों की शिकायत पुलिस कंट्रोल 0788-2858880, शहर 9479192003, ग्रामीण 9479192004 छावनी 9479192007, भिलाई नगर 9479192008, दुर्ग 9479192006 एसडीओपी पाटन 947919211 में कर सकते हैं।

## म्यूल अकाउंट के माध्यम से ऑनलाइन गेमिंग में अवैध लेनदेन करने वाले 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



▪ 6 आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके, आरोपी अपने बैंक खाते पैसों के लालच में करा रहे थे उपलब्ध

ऑनलाइन सट्टा के कारोबार में ट्रांजेक्शन के लिए अपने खाते का उपयोग कराने वाले दो और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इससे पहले इस मामले में 6 अन्य आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। पद्मनाभपुर पुलिस ने जांच के बाद इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी म्यूल अकाउंट के माध्यम से अवैध ऑनलाइन गेमिंग धनराशि के लेनदेन में संलिप्त पाए गए हैं। आरोपियों में बादल नाहरकर, उम्र 21 वर्ष निवासी सिद्धार्थ नगर और मुरारी महानंद उम्र 60 वर्ष हरिजन पारा शामिल हैं। इस मामले में हुडको निवासी अविनाश दुबे ने 30 दिसंबर 2025 को शिकायत की थी। आरोपियों द्वारा उसे धोखे में रखकर विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाकर एटीएम कार्ड, पासबुक एवं चेकबुक अपने पास रख लिये गए तथा खातों के माध्यम से ऑनलाइन गेमिंग से प्राप्त धनराशि का अवैध लेनदेन किया गया था।

इस मामले में पूर्व में आरोपी लोकेश कुमार जाधव, टवन कुमार जाधव, विनय सिंह सेंगर, राजू गायकवाड़, अमित मिश्रा एवं विशाल मसीह को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। मुख्य आरोपी टवन कुमार जाधव से जब्त आईडीबीआई बैंक के डेबिट कार्ड की जांच में पाया गया कि उक्त कार्ड आरोपी बादल नाहरकर एवं मुरारी महानंद के नाम से जारी थे। आरोपियों द्वारा अपने बैंक खाते अवैध ऑनलाइन गेमिंग लेन-देन हेतु धन लाभ के उद्देश्य से उपलब्ध कराना पाया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



## खबर संक्षेप

### अमन ताम्रकार केंद्र सरकार के मुकदमों में भी करेंगे पैरवी



दुर्ग। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में केंद्र सरकार के मुकदमों (करों से संबंधित मामलों को छोड़कर) की पैरवी के लिए 36 अधिवक्ताओं की नई सूची जारी की गई है। राष्ट्रपति की सहमति मिलने के बाद केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने इन नियुक्तियों का आधिकारिक आदेश जारी किया है। यह नियुक्तियां आगामी तीन वर्षों के लिए प्रभावी होगी। इसमें दुर्ग से अमन ताम्रकार को जगह दी गी है। इससे पहले अमन को राज्य शासन के मामले में हाईकोर्ट बिलासपुर में वकीलों के पैनल में शामिल किया गया था। केंद्र के सीनियर और सेंट्रल गवर्नमेंट काउंसिल जारी आदेश के अनुसार अधिवक्ताओं को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है। सीनियर पैनल काउंसिल की सूची में 8 वरिष्ठ अधिवक्ताओं को शामिल किया गया है। ये अनुभवी वकील महत्वपूर्ण और जटिल मुकदमों में केंद्र सरकार का पक्ष रखेंगे। साथ ही सेंट्रल गवर्नमेंट काउंसिल की इस श्रेणी में 28 अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। ये अधिवक्ता केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की नियमित पैरवी करेंगे। अमन के पिता और दुर्ग निगम में एमआईसी मेंबर ज्ञानेश्वर ने इसके लिए विधि एवं विधायी कार्य विभाग छत्तीसगढ़ शासन आभार किया गया है। उन्होंने कहा कि मंत्री गजेंद्र यादव का भी आभार। उन्होंने मेरे बेटे अमन ताम्रकार अधिवक्ता हाईकोर्ट के ऊपर विश्वास कर पैरवी करने हेतु पैनल का अवसर प्रदान किया गया है।

### दुर्ग नगर निगम में 6 कर्मचारियों को पदोन्नति महापौर ने सौंपा आदेश

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग में महापौर अलका बाघमार ने निगम के 6 कर्मचारियों को पदोन्नति पत्र प्रदान किया। आयुक्त सुमित अग्रवाल की अधिकारिता के अधीन आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में की गई अनुशंसा के आधार पर यह पदोन्नति प्रदान की गई। सहायक राजस्व निरीक्षक से राजस्व उप निरीक्षक के पद पर ईश्वर वर्मा और थान सिंह यादव, राजस्व उप निरीक्षक से राजस्व निरीक्षक के पद पर निशांत यादव को पदोन्नत किया गया। वहीं महेंद्र कुमार धर्मकार को भृत्य पद से सहायक ग्रेड-3, भृत्य से सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर रमेश कुमार तथा गणेशराम सिन्हा को पदोन्नति प्रदान की गई। उक्त पदोन्नति छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी परिपत्रों तथा संबंधित याचिका अपील प्रकरणों में पारित अंतिम निर्णयों के अधीन होगी। पदोन्नति प्राप्त कर्मचारियों को आदेश जारी होने की तिथि से 15 दिवस के भीतर पदोन्नत पद पर कार्यभार ग्रहण करना होगा अन्यथा आदेश स्वतः निरस्त माना जाएगा।

### दुर्ग ब्लॉक के 25,057 किसानों को 8,7.03 करोड़ बांटे

# सरकार का जिले के 1.06 लाख किसानों को होली से पहले बड़ा तोहफा, 407.89 करोड़ खाते में डाले

**सीएम विष्णुदेव साय ने बिल्हा बिलासपुर से डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की राशि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कृषक उन्नति योजना के तहत दुर्ग जिले के करीब 1.06 लाख किसानों को बोनस यानी आदान राशि 407.89 करोड़ रुपए शनिवार को ऑनलाइन ट्रांसफर की गई। दुर्ग सहित प्रदेश के 24.28 लाख किसानों को आदान सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। बिल्हा बिलासपुर से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कुल 10,324.84 करोड़ की राशि डीबीटी माध्यम से किसानों को ट्रांसफर की। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी जिलों में किया गया तथा मुख्यमंत्री हितग्राहियों से संवाद भी किए।

जिले में दुर्ग, धमधा और पाटन विकासखण्डों में कार्यक्रम आयोजन किया गया। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में जिले के कुल 1,06,830 कृषकों को लगभग 407.89 करोड़ रूपए की राशि प्रदान की गई। इसमें विकासखण्ड दुर्ग के 25,057 किसानों को 8,703.03 लाख रूपए, पाटन के 44,122 किसानों को 16,995.87 लाख रूपए तथा धमधा के 37,651 किसानों को 15,090.54 लाख रूपए की राशि शामिल है।

दुर्ग के विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपाध्यक्ष छग राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण व विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। प्रदेश के 25 लाख से अधिक किसानों के लिए यह खुशी और गर्व का अवसर है। पाटन के डॉ. खूबचंद बघेल भवन में लोकसभा सांसद विजय बघेल, धमधा के मंगल भवन बानबरद अहिवारा में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ।



### आज किसानों को मौसम की जानकारी आसानी से मिल रही

चंद्राकर ने कहा कि किसानों को मोबाइल और अन्य माध्यमों से मौसम और वर्षा की जानकारी उपलब्ध हो जाती है, जिससे वे अपनी खेती का कार्य योजनाबद्ध तरीके से करते हैं। राज्य सरकार द्वारा उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही भूमिहीन किसानों को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जा रही है। आज पूरे छत्तीसगढ़ में किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि ट्रांसफर की जा रही है। इसे प्रदेश के किसानों के लिए एक बड़ी उपलब्धि और सम्मान के रूप में देखा जा रहा है।

### 10 किसानों को प्रमाणपत्र देकर किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन भी प्रमुख रूप से मौजूद थे। उन्होंने कृषक उन्नति योजना के तहत जिले के किसानों के खाते में अंतरित की गई राशि पर किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और इसकी पहचान पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में हुई। आज इसकी गूंज पूरे प्रदेश में सुनाई दे रही है। इस अवसर पर कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत निपानी के मुकेश सिंह ठाकुर, रीवागहन के रमेश कुमार साहू व शंभूराम साहू, बटरेल के चम्पेश्वर साहू व भोकलु राम साहू, कौही के जीवनलाल सोनकर, तर्रा के कमलेश चंद्राकर, औरी से केवल चंद्राकर व संदीप चंद्राकर एवं पचपेड़ी से महेन्द्र चंद्राकर को उत्कृष्ट कृषि गतिविधियों एवं योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### मिली अंतरण की राशि, मंत्री गजेन्द्र यादव ने दी शुभकामनाएं

दुर्ग। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आज प्रदेशभर में आदान सहायता राशि वितरण समारोह एवं किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के अन्नदाता किसानों के खातों में धान अंतरण की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने समस्त किसानों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इसे किसान का सम्मान और समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेशभर के किसानों के खातों में धान की राशि का अंतरण कर होली के पावन पर्व को और भी आनंदमय बना दिया है। यह राशि किसानों के परिश्रम और समर्पण का सम्मान है।



## युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब और अन्य कार्यकर्ताओं की गिरफ्तार के विरोध में दुर्ग के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। जिला प्रभारी आस मोहम्मद, जिला अध्यक्ष जयंत देशमुख के निर्देश पर यह प्रदर्शन किया गया। इसके विरोध में कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तार लोगों की तत्काल और निशर्त रिहाई की मांग की। महासचिव दीपांकर साहू, ब्लॉक अध्यक्ष यशवंत देशमुख, आशीष वर्मा के नेतृत्व में पटेल चौक में कार्यकर्ता जुटे। उन्होंने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर अनिल देशमुख, अभिषेक वॉर्म, राकेश निषाद, ऋतुवेश इंद्रेश हरमुख, पंकज सिंग, अजय वर्मा, लिकेश, राजा देशमुख, लला देशमुख, लक्ष्य देशमुख सहित अन्य मौजूद थे।

## बिजली कंपनी ने चेताया, खंभों, लाईनों एवं ट्रांसफार्मरों के निकट न करें होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा होली को दृष्टिगत रखते हुये मैदानी अधिकारियों, कर्मचारियों सहित आम नागरिकों को जागरूकता एवं सतर्कता बरतने की अपील की गई है। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक विद्युत दुर्घटना को नियंत्रित करने समूचित अमले के साथ शिकायत केन्द्रों में सम्पूर्ण तैयारी रखने के निर्देश भी दिये गये हैं। विद्युत दुर्घटना से बचने के लिए विद्युत उपकेन्द्रों, खम्बों, लाईनों तथा ट्रांसफार्मरों के निकट होलिका दहन एवं रंगों की बौछार ना करने की अपील की गई है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने कहा कि उपभोक्ताओं की जागरूकता एवं शालीनतापूर्वक रंगोत्सव विद्युत कंपनी सहित सभी के लिये हितकारी होगा।

मुख्य अभियंता ने बताया कि होली के पर्व पर अवकाश होने के बावजूद बिजली संबंधी शिकायतों के शीघ्रातिशीघ्र निराकरण करने के लिए वितरण कंपनी के कॉल सेंटर एवं फ्यूज आफ कॉल सेंटर सामान्य दिनों की भांति क्रियाशील रहेंगे। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए केन्द्रीकृत कॉल सेंटर का 1912 दिन-रात क्रियाशील रहता है। उन्होंने कहा कि जनसामान्य की सावधानी से किसी भी प्रकार की संभावित विद्युत दुर्घटनाओं से आसानी से बचा जा सकता है। रंगोत्सव पर किसी भी प्रकार की विद्युत व्यवधान तथा विद्युत दुर्घटना संबंधी शिकायत आदि के लिये उपभोक्ता अपने क्षेत्र के अंतर्गत स्थित जोन एवं वितरण केंद्रों में सम्पर्क कर सकते हैं।

### नेत्रदान कर दिया मानवता का संदेश

दुर्ग। पद्मनाभपुर निवासी जिला शिक्षण समिति एवं नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य विनोद जैन के पिता नेमीचंद जैन के निधन के पश्चात उनके नेत्रदान के माध्यम से दो नेत्रहीन व्यक्तियों को नेत्रज्योति प्राप्त होगी।

## बिजली उपकरणों का उचित चयन करके ऊर्जा की बचत की जा सकती है : निहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- समान स्टार रेटिंग वाले उपकरणों के चयन की विधि समझाई



क्रेडा द्वारा जागरूकता कार्यशाला बीआईटी दुर्ग भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग और ऊर्जा क्लब ने क्रेडा रायपुर सिविल इंजीनियरिंग विभाग तथा विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सौर प्रौद्योगिकी और ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। वरिष्ठ परियोजना समन्वयक क्रेडा रायपुर निहार रंजन साहू थे। उन्होंने सूर्य और उसकी ऊर्जा की लाखों वर्षों से भूमिका तथा आधुनिक युग में उसके महत्व पर प्रकाश डाला। समान स्टार रेटिंग वाले उपकरणों के चयन की विधि समझाई। व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से उन्होंने दिखाया कि उचित विद्युत उपकरणों का चयन करके किस प्रकार ऊर्जा की बचत की जा सकती है। उन्होंने भविष्य में स्टार रेटेड भवनों की संभावनाओं पर भी चर्चा की। सत्र को अधिक रोचक और सहभागितापूर्ण बनाने के लिए छात्रों से सार्थक प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने वाले छात्रों को उपहार प्रदान किए गए। कुल 98 छात्र विद्युत अभियांत्रिकी, विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी तथा सिविल इंजीनियरिंग विभाग से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। संचालन बीटेक द्वितीय वर्ष अदिति दुबे ने किया। कार्यक्रम के समन्वयक विद्युत अभियांत्रिकी प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र त्रिपाठी, डॉ. अनुपम अग्रवाल, शशांक तिवारी, शिखा वर्मा, विभागाध्यक्ष ईईई डॉ. अनूप मिश्रा ने कहा कि आने वाले दो दशकों में सौर प्रौद्योगिकी पारंपरिक प्रणालियों का स्थान ले लेगी। डॉ. सिंधु जे. नायर ने बताया कि स्टार रेटेड भवन सिविल इंजीनियरों के लिए नई चुनौतियाँ प्रस्तुत करेंगे।

## 16 करोड़ के कामों की नहीं आई स्वीकृति शहर सरकार कर रही गुमराह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- कहा-तीन माह से हितग्राहियों को नहीं मिली पेंशन राशि

नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने शहर सरकार की घोषणाओं और 16 करोड़ के कार्यों को लेकर लगातार श्रेय लिए जाने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जब से महापौर अलका बाघमार ने पदभार ग्रहण किया है तब से लेकर आज तक दुर्ग नगर निगम की ओर से कोई सार्थक काम नहीं हुआ है। सिर्फ घोषणाएं की जा रही है। शब्जबाग दिखाए जा रहे हैं।

शहर में जगह-जगह कचरों का ढेर पड़ा हुआ है, जो अनेक बीमारियों को जन्म दे रहा है। पटरीपार ओवर ब्रिज के नीचे रोड और सुराना कॉलेज के सामने स्टेडियम के किनारे एसएलआरएम सेंटर में कचरे का पहाड़ बन चुका है। लोगों का मार्ग से गुजरना दूभर हो गया है। 16 करोड़ के कामों की अब तक प्रशासकीय स्वीकृति नहीं आई है। नगर निगम में कोई जिम्मेदार अधिकारी निगम में बैठते नहीं है। वृद्धा पेंशन 2 माह और विधवा पेंशन विगत 3 माह से नहीं आया है। फिल्टर प्लांट में टरबाइन पंप लगाया जा रहा है परंतु जो राइजिंग लाइन टंकी भरने वाली है, वह बहुत पुरानी है। प्रेशर से पाइप लाइन लीकेज की समस्या सामने आएगी।

**राजीव भवन शनिचरी बाजार में बांटे गए नियुक्ति पत्र**

## कांग्रेस की नई कार्यकारिणी ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



शहर जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग द्वारा नवघोषित जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का राजीव भवन में कांग्रेस का गमछा पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बैठक में संगठनात्मक एजेंडे पर रणनीति तय की गई। इस अवसर पर नव पदाधिकारियों में राजू भाटिया, दीपक साहू, अजय शर्मा, अब्दुल गनी, कौशल किशोर सिंह, राजकुमार पाली, राजकुमार नारायणी, रायसिंह ढिल्लो, प्रकाश जोशी, विजय चंद्राकर, पोषण साहू, दुष्यंत देवांगन, निकिता मिलिंद, राहुल शर्मा, जमुना साहू, संजय बत्रा, गौरव उमरे, मुकेश साहू, अजय मिश्रा, राकेश यादव, मनदीप सिंह भाटिया, मुकेश राठी, जगमोहन ढीमर, भूपेंद्र सेन, खुर्शीद अहमद सहित अन्य मौजूद थे। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि यह नई कार्यकारिणी अनुभव और युवा ऊर्जा का संगम है। हमारा उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार नहीं, बल्कि उसे बूथ स्तर तक सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में इस पूर्व विधायक अरुण वोरा, राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, आरएन वर्मा, शंकर लाल ताम्रकार, संजय कोहले, राजेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।



### राहुल शर्मा बने महामंत्री, कहा एकजुट करेंगे

राहुल शर्मा को महामंत्री बनाया गया है। नियुक्ति को लेकर उन्होंने कहा कि वे शहर के युवाओं को एकजुट करेंगे। केंद्र और राज्य सरकारी की अनियमितताओं को जनता तक पहुंचाने अभियान चलाएंगे। राहुल शर्मा 2005 में नगर शाला अध्यक्ष, 2006 में एनएसयूआई में विधानसभा उपाध्यक्ष, 2008 में मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में महामंत्री, 2010 से 2012 और 2012 से 2018 तक जिला संगठन में सचिव व महामंत्री, 2018 में महामंत्री रह चुके हैं।

अब सोलर लगवाएं सिर्फ ₹500 EMI में
Govt. Registered Vendor
हमर सोलर
BHUMi VENTURES
Powered by
घर | दुकान | फैक्ट्री | कृषि पंप के लिए सोलर सिस्टम
सरकारी सब्सिडी के साथ... बिजली बिल से स्थायी छुटकारा



हमें क्यों चुनें ......
- अनुभवी इंजीनियर
- गुणवत्ता पूर्ण इंजीनियरिंग
- आसान बैंक फाइनेंस
- बिजली विभाग द्वारा अधिकृत
- मेंटेनेंस सुविधा हर जगह उपलब्ध
वायरिंग (छुपाई) सुविधा शुल्क के साथ उपलब्ध

फायदें...
- बहुत ज्यादा बिजली बिल से छुटकारा
- अतिरिक्त बिजली विभाग को बेचने का लाभ
- कम रख रखाव

- पूरे छत्तीसगढ़ में सोलर सर्विसिंग की एक मात्र कंपनी
- कम कीमत में हमसे लगवाये
- फ्री सर्विसिंग पाएं

सब्सिडी विवरण:

| किलोवाट | केन्द्र सरकार | (छ.ग.) राज्य सरकार | कुल सब्सिडी |
|---|---|---|---|
| 1kwp | 30000 | 15000 | 45000 |
| 2kwp | 60000 | 30000 | 90000 |
| 3kwp-10 kwp | 78000 | 30000 | 108000 |

आसान किस्तों में फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है।

Khanna

सभी प्रकार के वर्ल्ड क्लास सोलर पैनल उपलब्ध उच्च गुणवत्ता एवं लंबी वारंटी
पूरे छत्तीसगढ़ में सेवा उपलब्ध.... आज ही संपर्क करें-

BHUMI VENTURES हमारा मुख्य रायपुर ऑफिस - बेबीलोन टावर, B-303 VIP चौक से स्थान्तरण होकर कृष्णा विहार मिडिल बिल्डिंग F-35, फर्स्ट फ्लोर रिंग रोड नंबर 1, पुराना आमानाका थाने के पास टाटीबंध शिफ्ट हो रहा है :-79872 64817,73542 99999

राजनांदगांव- जी.ई रोड, सोमनी राजनांदगांव, प्रशांत तिवारी, पंकज तिवारी 9109079277, 7000292388, 9009638121, दुर्ग- भिलाई- हमार सोलर शॉप नंबर 1,सेवन हिल्स कॉम्प्लेक्स, कृष्णा टॉकीज रोड, रिसाली, भिलाई- 490006, संपर्क करें- ऋषि गुरबक्सानी, 7898696217, सब ऑफिस:-1. मारुति एडवरटाइजर्स महाराजा चौक, एचडीएफसी बैंक के ऊपर, दुर्ग, संपर्क:- अविनाश मिश्रा 93006914222. माया ट्रेडिंग कंपनी, नंदिनी रोड, भिलाई, संपर्क:- अपूर्व मिश्रा 96911561553. आधार सेंटर, एसबीआई इंडस्ट्रियल एरिया, हाउसिंग बोर्ड भिलाई, संपर्क:- अभिषेक तिवारी 74890599634, डोगेंद्र नायक, भामा शाह चौक, कोहका भिलाई, संपर्क:- 070493 576745. भूमि वेंचर्स, रोड नंबर 18, कैंप-1 भिलाई, संपर्क:- अविनाश मिश्रा 9300691422, बलौदा बाजार - ग्राम पंचायत मुसुवाडीह/पोस्ट कामता, तहसील सिमगा जिला बलौदा बाजार छत्तीसगढ़, महामाया मंदिर के पास ऑफिस, प्रकाश देवांगन, 7000787795, watsap,9669196414, /लोक कलाकार, रायपुर- कुशालपुर अनिरुद्ध गवर्नमेंट इस्कूल के पासबल्लू अडगर सेंटर रायपुर, शोभा ठाकुर, 9691289020, अश्वनी नगर जगन्नाथ मन्दिर के सामने राजू साहू 9827871007

कार्य करने के हेतु इच्छुक उम्मीदवार, संपर्क करें- 7987264817

## खबर संक्षेप

### हाईवा की ठोकर से घायल युवक ने अस्पताल में दम तोड़ा



**निकुम।** अंधेरे में सड़क पर खड़े हाईवा की ठोकर से घायल युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि अंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेस्ट हाउस निकुम में 14 फरवरी को तकरीबन शाम 7 बजे गृह ग्राम निकुम लौट रहे रेवा राम साहू सड़क पर खड़े हाइवा सी जी 07ए एक्स 9198 से टकरा गए थे। अंधेरा होने से बाइक टकराने की वजह से रेवा राम को सिर में गंभीर चोट आई थी और पखवाड़े भर से उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार 27 फरवरी को ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की दस महीने की मासूम बच्ची और पत्नी सहित भरापूरा परिवार है। अंडा पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ धारा258,281, 125ए,106 (1) में अपराध दर्ज किया है।

### गजबे बनीं महामंत्री



**नंदिनी।** दुर्ग के राजीव भवन में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों सहित ब्लाक अध्यक्षों को नियुक्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। जिसमें श्रीमती दुर्गा गजबे को जिला संगठन मे महामंत्री बनाकर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। श्रीमती दुर्गा गजबे ने पूर्व में अहिवारा नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रह चुकी है।

### होली पर्व शांतिपूर्ण मनाने की अपील

**अंडा।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से थाना अंडा परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी पारस राम ठाकुर ने होली का त्यौहार आपसी भाईचारे से मनाने की अपील की।

## निधन

### किशोर कुमार जंघेल



**भिलाई।** विद्युत विभाग के सेवानिवृत्त एक्जीक्यूटिव इंजीनयर सुंदर विहार निवासी किशोर कुमार जंघेल (63 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ. भावना राजपूत, हर्षा जंघेल दोम्मेटी के पिता तथा डॉ. सतीश राजपूत और अनंत शंकर नागूर दोम्मेटी के ससुर थे।

### अमित कलसकर



**दुर्ग।** प्लाट नंबर 20, प्रोफेसर कॉलोनी दीपक नगर दुर्ग निवासी अमित कलसकर का निधन शनिवार को हो गया है। अंतिम यात्रा 1 मार्च रविवार को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

### सुखमा ताम्रकार



**दुर्ग।** शिक्षक नगर निवासी सुखमा ताम्रकार (82 वर्ष) पति स्व. बलवंत प्रसाद ताम्रकार का निधन को हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे वीरमणि ताम्रकार व विक्रम ताम्रकार सहित चार बहनों की मां थीं।

## होली से पहले पुलिस प्रशासन को और सख्त होने की जरूरत

# बड़े कारोबारी अब भी धमधा थाना की पकड़ से दूर, तेजी से छोटे कोचियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमधा

धमधा थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। त्योहार से पहले पुलिस ने 22 पौव्वा अवैध शराब जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। इसके अलावा 8-10 पौव्वा से लेकर 20-30 पौव्वा तक रखने वाले छोटे कोचियों पर कार्रवाई की जा रही है। हालांकि क्षेत्र में चर्चा है कि जहां छोटे स्तर के शराब बेचने वालों पर तेजी से कार्रवाई हो रही है, जो कि प्रशंसनीय है वहीं बड़े स्तर पर अवैध शराब का कारोबार करने वाले गिरोह अब भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि रौंदा, दारगांव, ठेलका चौक, पेंड्रावन, देवरी मोतिमपुर सहित अन्य स्थानों पर अवैध शराब और गांजा खुलेआम बिक रहा है। बताया जा रहा है कि शासकीय शराब दुकान से पेटी दर पेटी शराब निकलकर गांव-गांव तक पहुंच रही है, जिससे बड़े नेटवर्क की सक्रियता की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल क्षेत्र में



छोटे स्तर की कार्रवाई जारी है, लेकिन आमजन की नजर अब बड़े अवैध कारोबारियों पर होने वाली कार्रवाई पर टिकी हुई है। धमधा मुख्यालय से शराब दुकान लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। थाना प्रभारी राम नारायण ध्रुव के निर्देशन में नियमित पेट्रोलिंग का दावा किया जा रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर बड़े अवैध कारोबारी गांवों तक शराब कैसे पहुंचा रहे हैं? धमधा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रमन लाल यादव ने कहा कि क्षेत्र शांति और सौहार्द के लिए जाना जाता है, लेकिन केवल 20-22 पाउवा की कार्रवाई से समस्या का समाधान नहीं होगा।

बड़े गिरोहों पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रोहित राजपूत ने कहा कि धमधा क्षेत्र में लगातार अवैध शराब बिक्री अपने चरम सीमा पर है, जिस पर ठोस और प्रभावी कार्रवाई करना बेहद आवश्यक है।

### कार्रवाई जारी, पुलिस प्रशासन का दावा

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चित्रा वर्मा ने बताया कि सूचना के आधार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और आगे भी जारी रहेगी।



## जांच में छह बच्चे मिले फाइलेरिया प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेलूद

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रांसमिशन असिसमेंट सर्वेक्षण में चयनित 52 शासकीय प्राथमिक स्कूलों एवं निजी स्कूलों में बच्चों का रक्त परीक्षण एफ टी एस किट के द्वारा चिरायु टीम कर रही है। 25 से 28 फरवरी तक प्रथम चरण का परीक्षण पूर्ण होने पर विकासखंड पाटन में 6 बच्चे पॉजिटिव पाए गए है। अगला चरण 9 मार्च से 14 मार्च तक होगा। यह जांच अभियान राज्य कार्यक्रम अधिकारी संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के आदेशानुसार जारी है। जिसमें जांच में पॉजिटिव पाए जाने पर आवश्यक दवाएं देकर उपचार किया जाएगा।

- जिले में चल रहा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, होगा उपचार भी

## साइबर अपराध को लेकर समाज कार्य के विद्यार्थियों ने लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग समाज कार्य के विद्यार्थिगण ग्राम जंजगिरी में क्षेत्रीय कार्य के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को साइबर क्राइम के बढ़ रहे अपराध बारे में जागरूक किया गया।

- नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ऑनलाइन ठगी से रोकथाम की दी जानकारी

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि दिन प्रतिदिन लोग कैसे ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे किसी भी अनजाने नंबर में अगर कॉल आए या एसएमएस आए और ओटीपी या खाता नंबर मांगे तो कभी भी किसी को ओटीपी और खाता नंबर नहीं नहीं बताना चाहिए। बताया गया कि ऑनलाइन खरीदी



जैसे मिसो, अमेजॉन, फिलिप कार्ड, में लोग फर्जी आईडी बनाकर अच्छे-अच्छे कपड़े और सामान दिखाते हैं और खराब कपड़े और सामान भेजते हैं। किसान सम्मान निधि के नाम से मैसेज या लिंक आए यो उसे डाउनलोड नहीं करना चाहिए ।अगर ऐसा किसी प्रकार की धोखाधड़ी होते हैं तो आप सर्वप्रथम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल शिकायत करें या तो नजदीकी पुलिस थाना में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराएं। इस दौरान समाज कार्य के सहायक प्राध्यापक ढाल सिंह साहू ने कहा कि दिन प्रतिदिन ऑनलाइन की अपराध पढ़ रही हमें मोबाइल का सदुपयोग करना चाहिए। आजकल बच्चे मोबाइल में ही ज्यादा व्यस्त रहते है जिससे परिवार में आपसी तालमेल में कमी देखने को मिलते है।

ऑनलाइन गेम में बच्चे बिजी रहते है इन सबसे बच्चों को दूर रखना चाहिए कार्यकम को सफल बनाने में विनय, विकास, उमेन्द्र,डामन, रामसिंह, मनीषा, सरिता, हेमिन डहरिया, नेहा साहू, सोमलता, देविका, टिकेश्वरी, रूबी साहू, यशोनिधि, टॉमिन, ज्योति, खिलेंद्र, मुस्कान, यशवंत, आरती,ललिता, डोमेश्वरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## थ्रीडी प्रिंटर से लेकर लाईफाई का प्रदर्शन देखा विद्यार्थियों ने

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शनिवार को अटल टिंकरिंग लैब सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें 15 विद्यालयों के बच्चे शामिल हुए। इस दौरान स्कूली बच्चों ने थ्री डी प्रिंटर से लेकर लाईफाई का प्रदर्शन देखा।

इस अवसर पर एटीएल एक्सपर्ट मनीष दीवान ने कहा कि जब गांव का बच्चा विज्ञान की बारीकियों को समझने लगेगा तब गांव का भविष्य स्वमेव संवरने लगेगा। संकुल समन्वयक सुरेश कुमार महिलपाल एवं शिक्षाविद छन्नूलाल साहू ने कहा कि विज्ञान नई सोच नई डगर पैदा करती है। इस अवसर पर 15 स्कूलों के विद्यार्थियों ने एटीएल में विज्ञान के अपडेट स्वरूप को प्रत्यक्ष रूप से देखा समझा। समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू और तहसील साहू संघ पूर्व उपाध्यक्ष डॉ गुलाब साहू ने कहा कि अटल टिंकरिंग लैब होनहार विधार्थियो के लिए वरदान है।



इस प्रदर्शनी में शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं शासकीय प्राथमिक शाला भंसुली, शाला कुम्हली, स्कूल ओदरागहन ,स्कूल बोरवाय, स्कूल बासिंग ,चारभाटा, शासकीय प्राथमिक शाला जामगांव आर, सेजस मिडिल जामगांव आर एवं सरस्वती शिशु मंदिर मिडिल एवं प्राथमिक विद्यालय जामगांव आर के 100 विधार्थियों ने लाभ उठाया। अटल टिंकरिंग लैब सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के विद्यार्थियों ने थ्री डी प्रिंटर्स ,स्मार्ट डस्टबिन,ब्लाइंड स्टीक, ऑटोमैटिक पेकिंग सिस्टम, वाई फाई रिमोट होम ऑटोमेशन लाइट, डिस्टेंस मेजरमेंट, हाइट अलार्म सिस्टम, हाइट मेजरमेंट, ऑटोमैटिक आन/ऑफ लाइट, सिक्युरिटी डोर अलार्म सिस्टम,वाटर लेबल मैनेजमेंट और लाई फाई का प्रदर्शन देखा।

आयोजन में आईटी विशेषज्ञ मनमोहन सिंह धीवर, विशेष अतिथि सहायक शिक्षक एमन पटवा, शिक्षिका चंद्रा ,सरस्वती शर्मा, यामिनी यादव,सुनील बंजारे,लक्ष्मी कतलम, एस के नारंग एवं टुकेंद्र ठाकुर, प्राचार्य पीएल बारले, उप प्राचार्य लिकेश्वर साहू, पवन बंछोर विज्ञान प्रभारी धनेश्वरी साहू शशि यदु, व्यवस्था प्रबंधक परमानंद टंडन, डामिन साहू और डाकेश्वरी साहू का आयोजन में सराहनीय योगदान रहा।



## विष्णु के सुशासन में मोदी की गारंटी हो रहीः विजय बघेल

**पाटन।** कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण समारोह एवं किसान सम्मेलन का आयोजन डॉ. खूबचंद बघेल भवन, अटारी पाटन जिला दुर्ग में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल ने इस दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के सुशासन में मोदी की गारंटी पूरी हो रही है। इस दौरान कृषक उन्नति योजना अंतर्गत धान एवं बीज उत्पादन कृषकों को आदान सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। राज्य स्तर पर विकासखंड बिल्हा (जिला बिलासपुर) से मुख्यमंत्री द्वारा 24.28 लाख किसानों को 10,324.84 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू और भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि जिला दुर्ग में कुल 1,06,830 किसानों को 40,789.42 लाख रुपये का भुगतान किया जा रहा है।

### यादव (ठेठवार) समाज का 38वां वार्षिक अधिवेशन आज

**धमधा।** यादव (ठेठवार) समाज धर्मसभा राज का 38 वां एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 1 मार्च, रविवार को बेरला (कण्डरका) में आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य शामिल होंगे। अधिवेशन के दौरान संगठन की वार्षिक गतिविधियों की समीक्षा, सामाजिक एकता, शिक्षा प्रोत्साहन एवं समाज के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही विभिन्न अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान भी किया जाएगा।

### यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन आज

**पाटन।** सर्किल कोसरिया यादव समाज के तत्वावधान में वार्षिक अधिवेशन-2026 का आयोजन 1 मार्च रविवार को नगर पालिका परिषद् अमलेश्वर, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) में किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा और दिनभर विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।प्रथम पाली में 10:30 बजे श्री राधा-कृष्ण जी की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन, 11 बजे ध्वजारोहण तथा 11:30 बजे अतिथियों का स्वागत व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। दोपहर 12 बजे समाज प्रमुखों एवं अतिथियों द्वारा उद्बोधन और सामाजिक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रथम पाली के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन विधायक भूपेश बघेल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन सर्किल कोसरिया यादव समाज के अध्यक्ष रामचन्द्र यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक भिलाई नगर देवेन्द्र यादव, विधायक खल्लारी व्दारिकाधीश यादव, विधायक चंदरपुर रामकुमार यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार व डिस्काउंट

**दुर्ग।** इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64बी, प्रिया सिंगार सदन के सामने स्थित ओम ज्वेलर्स में दीपावली में विशेष डिस्काउंट और विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। यहां एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल




जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच व इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने बताया कि धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा तक दिवाली में अपार भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखने में आसुविधा होती है। ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए धनतेरस से पहले बुकिंग करें और धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। उन्होंने बताया कि शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100 फीसदी विश्वनीयता पर खरा रहती है। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। सभी प्रकार के चेक, ऑल एटीएम और क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा है।

ब-अदालत
**मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, रांची**
**एम.ए.सी. वाद संख्या - 492/2022**

एतवा पाहन एवं अन्य ......आवेदकगण
बनाम
मन्जीनदर सिंह एवं अन्य .......विपक्षीगण

नोटिस बनाम :-
मन्जीनदर सिंह पिता- गुरदीप सिंह, निवासी- जी.बी.सी. ट्रांसपोर्ट, नगर, हाथखोज, भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन नं.-490026

बजरिये इस नोटिस के जरिये आपको सुचित किया जाता है कि दिनांक 30.09.2022 को आपके वाहन टेलर नं.-CG-04 DD-8355 से सावधनी सोय, पिता- एतवा सोय उर्फ एतवा पाहन, पता- ग्राम-चुकलु, पोस्ट-बीरबंकी, थाना-अड़की, जिला- खुंटी, राज्य- झारखण्ड, की निवासी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी जिसका एफ.आई.आर.नं.- खुंटी थाना काण्ड संख्या- 184/2022 हैं। आवेदक ने आपके विरूद्ध धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के अन्तर्गत प्रतिकार हेतु उपरोक्त वाद दाखिल किया हैं जो आपकी उपस्थिति हेतु लम्बित है। नजारत एवं रजिस्ट्रर्ड डाक द्वारा आपको नोटिस भेजा जा चुका है।
अतः इस सूचना के माध्यम से आपको निर्देश दिया जाता है कि दिनांक 06/04/2026 को प्रातः 11:00 बजे दिन आप स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में अपना पक्ष रखें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय की जाएगी। इसे सख्त ताकिद जानें।

आज दिनांक 10/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

(मुहर)
पीठासीन पदाधिकारी,
मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, रांची, रांची

## अंचल की खबरें

### होली पर डीजे और सार्वजनिक कार्यक्रम प्रतिबंधित



**धमधा।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से धमधा प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। एसडीएम कार्यालय में आयोजित शांति सुरक्षा समिति की बैठक में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सोनल डेविड ने की। बैठक में एसडीओपी चित्रा वर्मा, थाना प्रभारी रामनारायण ध्रुव तथा बीएमओ रचना अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि होली के दौरान किसी भी प्रकार के डीजे, जुलूस अथवा सार्वजनिक कार्यक्रमों की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहार की आड़ में हुड़दंग या अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजीव गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष रमनलाल यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष बृजेंद्र दानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र भ्रमभट्ट, रजत नायक, निर्मल जैन, नवीन जैन, पियुश ताम्रकार सहित जनप्रतिनिधि, व्यापारी, कोटवार, पंच एवं ग्रामीण सरपंच उपस्थित रहे।

### होली पर्व शांतिपूर्वक मनाने हुई बैठक



**जामुल।** आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को जेवरा सिरसा पुलिस चौकी में क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, पंच सरपंच व आमजनो, ग्राम कोटवारो एवं क्षेत्र के महिला कमांडो आदि के साथ शांति समिति की बैठक रखी गई। तहसीलदार दुर्ग क्षमा यदु एवं चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक खगेन्द्र पठारे ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को आवश्यक समझाइश दी 1 शांति समिति की बैठक में प्रमुख रूप से ग्राम जेवरा सरपंच धनेश नागवंशी, उपसरपंच प्रशांत गौतम, ग्राम करंजा भिलाई सरपंच श्रीमती गंगीया रावते, ग्राम कचांदुर सरपंच किर्तन साहू , कुटेलाभाठा सरपंच लक्ष्मीनाथ साहू, ग्राम भटगांव सरपंच भूपेन्द्र देशमुख, जेवरा सिरसा मंडल अध्यक्ष घनश्याम साहू एवं क्षेत्र के ग्राम पंचायत के पंचगण उपस्थित रहे1 शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए तहसीलदार दुर्ग क्षमा यदु एवं चौकी इंचार्ज जेवरा सिरसा उप निरीक्षक खगेंद्र पठारे ने आगामी होली पर्व के दौरान अपने अपने ग्रामो मे शांतीपूर्ण रूप से त्यौहार मनाने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी बैठकर वाहन न चलानें, नशे से दूर रहने एवं गांव के उपद्रवी व्यक्तियो के संबंध मे पुलिस को जानकारी देने एवं आपसी वाद विवाद से बचने की समझाईश दी गई।

### अपशिष्ट जल प्रबंधन पर बनेगी प्रभावी कार्ययोजना



**कुम्हारी ।** नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा मलजल प्रबंधन और गंदा जल प्रबंधन के उचित निपटान के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नगर पालिका परिषद के सभी वार्ड पार्षद, अधिकारीगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मीना वर्मा, और वॉटर ऐड से सौरभ कुमार सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने, गंदे जल के सही प्रबंधन और नियमित सेप्टिक टैंक डिस्लजिंग (सेप्टिक टैंक की सफाई) के लिए एक ठोस और प्रभावी योजना तैयार करना था। बैठक में वार्ड पार्षदों ने भी अपने-अपने वार्डों में जल निकासी की समस्याओं और मलजल प्रबंधन से जुड़ी परेशानियों के बारे में जानकारी साझा की। अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने योजना के प्रमुख बिंदुओं का सारांश प्रस्तुत किया।

### परमात्मा को पहचानने की जरूरत : राजीव

**अंडा।** श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद बगीचा में चल रहे महाभागवत



पुराण के सातवें दिन श्रीधाम से पधारे संत राजीव नयन ने कहा जीवन में सत्संग आए तो प्रभु की कृपा समझे । मनुष्य सुन्दर हो तो उसे अहंकार नहीं करना चाहिए। तन काला चलेगा परन्तु मन काला नहीं होना चाहिए। जीवन में अहंकार आ जाय तो प्रभु की कृपा नहीं होती, जिसके जीवन में सत्संग आ जाय उसके जीवन में प्रभु की कृपा समझे। भागवत कथा में परीक्षित के रूप में बैठे देवरी निवासी शेरसिंह देशमुख और तेजिया बाई देशमुख बैठे हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य के लिए मर्यादा का पालन उतना ही आवश्यक है जितना भोजन और वस्त्र। महाराज श्री ने भागवत कथा के अंतिम चरण में सुदामा चरित्र पर प्रकाश डाला।

### अंडा के जनप्रतिनिधियों ने दिखी विधानसभा

**अंडा।** ग्राम पंचायत अंडा के जनप्रतिनिधियों ने विधानसभा पहुंच कर वहां की कार्यप्रणाली को समझा। इस दौरान गृह मंत्री विजय शर्मा और दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललित चन्द्राकर के सौजन्य से जनप्रतिनिधियों ने विधानसभा की कार्यप्रणाली, प्रश्नकाल, विधेयक पारित होने की प्रक्रिया तथा सदन की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। भ्रमण में सरपंच दिग्विजय सिंह, उपसरपंच यशवंत बंजारे, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, पंचगण फत्ते चंद्राकर, गोपाल साहू, हेमेंद्र चौहान, डॉ. चेलक दास, हेमंत, चुमन आदि शामिल थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

07


विद्यार्थियों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

लाइव इवेंट

## स्वदेशी मेला में स्थानीय उत्पादों, कुटीर उद्योगों और स्वदेशी उद्यमों को मिलेगा मंच



**भिलाई** । स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की इकाई, भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा इस्पात नगरी भिलाई में पहली बार स्वदेशी मेले का आयोजन जयंती स्टेडियम के सामने मैदान मे किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से स्थानीय उत्पादों, कुटीर उद्योगों और स्वदेशी उद्यमों को प्रोत्साहन करने के साथ-साथ मंच भी मिलेगा। मेले में 22 राज्यों के स्वदेशी उत्पाद, हस्तशिल्प सामग्री, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, जैविक उत्पाद, पारंपरिक खान-पान और स्थानीय उद्यमियों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यह स्वदेशी मेला 13 से 19 मार्च को जयंती स्टेडियम के पास सिविक सेंटर में आयोजित है ।

आयोजकों के अनुसार मेले का मुख्य उद्देश्य वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत स्वावलम्बी भारत की संकल्पना को साकार करना है, ताकि स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के प्रति समाज में जागरूकता बढ़े तथा भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। इस स्वदेशी मेले की तैयारियों को लेकर पंजाबी पैलेस सेक्टर 5 में बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि छग राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा थे। वहीं स्वदेशी मेला प्रान्त प्रमुख अमर बंसल, भारतीय विपणन विकास केंद्र प्रबंधक और प्रांत संपर्क प्रमुख सुब्रत चाकी ,प्रान्त प्रमुख संघर्ष वाहिनी दिनेश पाटिल, जीआर जगत, छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन व चेम्बर के पदाधिकारि उपस्थित थे। बैठक में चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन को स्वदेशी मेला का संयोजक नियुक्त किया गया। वहीं मेला सहसंयोजक के रूप में भोजराज सिन्हा व सरोजनी पाणिग्रही का नाम घोषित किया गया। स्वागत समिति के दिनकर बासोतिया नियुक्त किए गए।



● चौथे साल का आयोजन, हर साल जरुरतमंदों की मदद करने करते है डोनेट थोड़ा सा के सदस्य

# होली सेलिब्रेशन का बदला ट्रेंड, अबूझमाड़ की होली व मस्ती के संग होगी चैरिटी, 300 बच्चों को बांटेगें होली किट, पूल पार्टी की भी डिमांड

**भिलाई।** रंगों और उमंगों का त्योहार होली को अब दो दिन शेष रह गए है। ट्विनसिटी में इसके जश्न की तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई हैं। शहर के बाजारों में जहां गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सजी हुई हैं, वहीं लोगों ने इस बार होली को खास और यादगार बनाने के लिए अभी से लंबी प्लानिंग कर ली है। बदलते वक्त के साथ दुर्ग-भिलाई वासियों के होली मनाने के तरीके में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। अब लोग केवल अपनी कॉलोनियों या गलियों तक सीमित न रहकर परिवार और खास दोस्तों के साथ एक सुरक्षित और शानदार माहौल में होली सेलिब्रेट करना पसंद कर रहे हैं। यही वजह है कि शहर और आउटर में मौजूद डोम शेड, होटल्स, फार्म हाउस और दूरदराज के रिसॉर्ट्स में होली सेलिब्रेशन की का आयोजन किया जाएगा। कही अबूझमाड़ की होली सेलिब्रेट कर कुछ राशि आश्रमों में दी जाएगी तो कही 300 जरुरतमंद बच्चों को होली किट का वितरण कर भोजन कराया जायेगा।



### केसरिया अबूझमाड़ की होली सेलिब्रेशन आज

होली के मौके पर इस बार भिलाईयांस सबसे ज्यादा क्रेज डीजे संग कूल-कूल पार्टी का देखा जा रहा है। युवा वर्ग और पारिवारिक समूह ऐसी जगहों की तलाश में हैं, जहां वे रंगों के साथ-साथ पानी में मस्ती कर सकें। पिछले चार सालों से केसरिया होली सेलिब्रेशन के आयोजक रोहन सिंह और टीम द्वारा इस बार बस्तर के अबूझमाड़ की थीम पर होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मध्यप्रदेश का रॉक बैंड होली के उत्साह को दोगुना करने वाला है। रोहन ने बताया कि केसरिया के बैनर तले हर साल नए-नए थीम पर होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया जाता है, इसी कड़ी में इस बार छत्तीसगढ़ के नक्सली क्षेत्र बस्तर जहां गोलियों के आवाजे गूंजती थी लेकिन अब वह क्षेत्र भी अमन और शांति को ओर अग्रसर हो चुका है और अब वहां भी होली के खूबसूरत रंगो की बहार होगी। इसलिए भिलाई में आयोजित केसरिया में एमपी का रॉक बैंड, डीजे, धमाल से साथ अबूझमाड़ के दृश्यों और लोक पारंपरिक वाद्य यंत्रों के धुन में होली के गीत लोगो के आकार्षण का केंद्र रहेंगे। रविवार की सुबह साढ़े 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में फूड और फन के साथ कुछ राशि चैरिटी के लिए भी दी जायेगी।

### ब्रजमंडल भिलाई में सार्वजनिक होलिका दहन 2 को

महापर्व होली इस बार सोमवार को होलिका दहन और होली मिलन के साथ ब्रजमंडल भिलाई के गीता भवन सेक्टर 6 के प्रांगण में शाम 6 बजे से सार्वजनिक रूप से मनाया जाएगा। चूंकि 3 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा तिथि पर चंद्र ग्रहण होने के कारण सूतक काल में मंदिरों के पट बंद रहेंगे, इसलिए इस साल होलिका दहन 2 मार्च को होगा एवं धुलेंडी रंगोत्सव 4 मार्च को मनाया जाएगा। इस दौरान व्यवस्थित रूप से और सुरक्षा का ध्यान भी रखा जायेगा। सोमवार को 4 बजे से 6 बजे तक लोकगीत, भजनों और ब्रज की होली फाग गीतों का कार्यक्रम होगा। नियमित रुप से होने वाली संध्या आरती 6.30 बजे होगी। 7 बजे होलिका पूजन का कार्यक्रम होगा। होलिका दहन के बाद भगवान राधा कृष्ण विग्रह के साथ फूलों की होली खेली जाएगी। उपस्थित भक्तों द्वारा प्राकृतिक अबीर - गुलाल रंगों से तिलक गुलाल लगाकर आपस में होली मिलन का कार्यक्रम होगा। ब्रजमंडल कार्यकारिणी ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने को कहा है।

### 12वें साल में कदम बढ़ाया डोनेट थोड़ा सा

दुर्ग मे युवाओं की संस्था डोनेट थोड़ा सा के तत्वावधान में आंगनबाड़ी और जरुरतमंद बच्चों के संग होली सेलिब्रेशन आज 10 से 4 बजे के बीच जलाराम वाटिका दुर्ग में किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष अभिजित पारख ने बताया कि पिछले 12 सालों से होली और दीपावली का सेलिब्रेशन इन जरुरतमंद बच्चों के साथ करते आ रहे है। इस बार होली सेलिब्रेशन में 300 जरुरतमंद बच्चों को होली किट रंग, गुलाल, पिचकारी, मिठाई आदि देकर भोजन कराया जाएगा। और जमकर होली भी खेली जाएगा। इस कार्य में रुपल गुप्ता सहित पूरी टीम तैयारी में लगी हुई है।





### होली मिलन समारोह आज

दुर्ग-भिलाई के कलाकारों द्वारा 1 मार्च रविवार को होली मिलन का आयोजन मैत्री बाग भिलाई में किया गया है। इसमें पुष्प और गुलाल से सुखी होली खेली जाएगी। इस आयोजन में फिल्म, लोककला, रंगकर्म, सहित कला विधा के कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। शंकर साहू व टीम द्वारा संगीतमय फाग गीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

### वैशाली नगर में श्रीराम सिंधी पंचायत द्वारा होंगे विविध कार्यक्रम

श्रीराम सिंधी पंचायत, वैशाली नगर भिलाई द्वारा इस वर्ष भी होली पर्व को सामाजिक एकता, प्रेम एवं भाईचारे के संदेश के साथ भव्य रूप से मनायेगा। होली महोत्सव के अंतर्गत होलिका दहन, होली मिलन समारोह, रंगोत्सव, सांस्कृतिक आयोजन एवं पंचायती गुलाल कार्यक्रम सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों की शुरुआत सोमवार को झूलेलाल धाम वैशाली नगर भिलाई में आयोजित होलिका दहन से होगी। यह आयोजन गोधूलि बेला में शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक संपन्न होगा, जिसमें समाजजन पारंपरिक विधि-विधान के साथ होलिका पूजन एवं दहन करेंगे। 4 मार्च को सार्वजनिक मंच, झूलेलाल धाम में भव्य होली मिलन एवं रंगोत्सव समारोह आयोजित किया जाएगा। मीडिया प्रभारी मनोहर कृष्णानी ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें चटपटे व्यंजनों की विशेष व्यवस्था भी रहेगी। महिलाओं की सहभागिता को प्रोत्साहित करने दोपहर 12:30 बजे से महिला डांड कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें पारंपरिक उत्साह एवं सांस्कृतिक रंग देखने को मिलेंगे। महिलाओं के लिए यह कार्यक्रम सोमवार को शाम 5 बजे मंदिर प्रांगण, झूलेलाल धाम में आयोजित होगा। श्रीराम सिंधी पंचायत के अध्यक्ष दिलीप पवानी सहित भीमसेन सेतपाल, प्रतापराय शिवानी, धर्मदास बत्रा, मनोहर थदानी, प्रकाश डिंगा, मनोहर शिवानी, गोपी राजपालानी, अशोक गंगवानी, राम छुगनी सहित सभी सदस्यों और नगरवासियों से होली पर्व को प्रेम, सद्भाव एवं सामाजिक समरसता के साथ मनाने की अपील की है।

लाइव इवेंट

## 2 से 6 मार्च तक ओडिसा में शतरंज प्रतियोगिता, पुरूष व महिला टीम भाग लेने हुए रवाना



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की शतरंज पुरूष एवं महिला टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए। दोनों ही टीमों का आयोजन 2 से 6 मार्च तक है जिसमें शतरंज पुरूष प्रतियोगिता कलिंगा विश्वविद्यालय भुवनेश्वर ओडिसा में और शतरंज महिला प्रतियोगिता अडामास विश्वविद्यालय कोलकात्ता में आयोजित होगा। टीम के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ. संजय तिवारी और कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने अच्छे प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, ड्रेस और जूता प्रदान किया गया। खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों ही टीमों का प्रशिक्षण शिविर शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित कराया गया। शतरंज महिला टीम पिछले सत्र उपविजेता रही है। पुरूष टीम के मैनेजर शासकीय महाविद्यालय धमधा क्रीड़ाधिकारी डीन मयंक और कोच देवेन्द्र देवांगन राजनांदगांव और शतरंज महिला टीम के मैनेजर अरूण चौधरी क्रीड़ाधिकारी शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव और कोच रोशनी साहू पूर्व शतरंज खिलाड़ी है। जिनके मार्गदर्शन में टीम प्रतियोगिता में प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव डॉ. राजमनी पटेल, सहायक कुलसचिव श्री राजेन्द्र चैहान उपस्थित रहे। शतरंज पुरूष टीम में शामिल खिलाड़ियों में अनुराग देशमुख शास. कॉलेज दुर्ग,देवदत्त महानंद सेठ रतनचंद सुराना कॉलेज दुर्ग, संदीप कौशल शास. कॉलेज दुर्ग, राजन बारले शास. कॉलेज दुर्ग, एश कुमार गवर्नमेंट कॉलेज लाल बहादुर नगर राजनांदगांव मोहनीश गौड़ शास कॉलेज बालोद और शतरंज महिला टीम में शामिल खिलाड़ियों में अंजुम प्रवीण शास कॉलेज कवर्धा, हिमानी देवांगन सेठ रतनचंद कॉलेज दुर्ग, भूमि सेन शास. कॉलेज दुर्ग, निशा वर्मा शास दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव, पूनम देशमुख शैल देवी कॉलेज अंडा दुर्ग, चेतना साहू



## कंपनी की असली ताकत उसके कर्मचारी, संतुष्ट, प्रेरित और सुरक्षित वातावरण में निष्ठा से करते हैं काम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के पीबीएस विभाग में विदाई समारोह को आयोजन किया गया है। जिसमें महाप्रबंधक वी एस देवांगन को विदाई दी गई। वी एस देवांगन पीबीएस मोडेक्स परियोजना के ड्राइवर रहे और उनके कुशल नेतृत्व में संचालन, सुरक्षा, ऊर्जा दक्षता एवं अधोसंरचना विकास में कई सफलताएं मिली। इस दौरान श्री देवांगन ने कहा कि संयंत्र की असली ताकत उसके कर्मचारी होते हैं। संतुष्ट, प्रेरित और सुरक्षित कर्मचारी अधिक निष्ठा से काम करते हैं, जिससे उत्पादन बढ़ता है, सुरक्षा मजबूत होती है, गुणवत्ता सुधरती है और दुर्घटनाएं और ब्रेकडाउन कम होते हैं। कर्मचारी कल्याण में स्वच्छ कार्यस्थल, पारदर्शी संवाद, प्रशिक्षण, सम्मान और विकास अवसर भी शामिल हैं। उन्होंने संदेश दिया कर्मचारी कल्याण ही सशक्त संयंत्र की आधारशिला है। श्री देवांगन ने कर्मचारी कल्याण एवं विभाग सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्युत अनुभाग प्रमुख महाप्रबंधक पी. के. मोहन, महाप्रबंधक जी. पी. कुर्रे, बॉयलर अनुभाग प्रमुख संजय अग्रवाल, उपमहाप्रबंधक गुणवंत गजबिए, देवेंद्र यादव, सी. एस. सोम, आशीष यादव, नितेश कुमार, उर्वशी, वाई. के. कोसे, चंद्रकांत घाघरे, गोविंद सिंह, त्रिभुवन साहू, दीपक देवांगन, राकेश सिदार, प्रफुल, ध्रुव देवांगन, सीता मुर्मू, प्रीति कुमारी सहित विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## लता मंगेशकर नाईट आज, सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स का आयोजन



**भिलाई।** सांगीतिक संस्था सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन भिलाई इस्पात संयंत्र के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य सांगीतिक संध्या लता मंगेशकर नाईट का आयोजन रविवार को शाम साढ़े 6 बजे से प्रगति भवन, सिविक सेंटर, भिलाई में किया जा रहा है। यह आयोजन स्वर कोकिला लता मंगेशकर को समर्पित एक संगीतमय श्रद्धांजलि होगी, जिसमें प्रदेश की प्रतिष्ठित गायिकाएं शिप्रा मंडल ,रुपाली सखारे, अलका शर्मा, माया बैनर्जी, रीतू मिश्रा, तृप्ति साहू, मंजीता भारद्वाज, शाहीन खान, दीपा बोकाडे, रश्मि घाटे एवं नमिता गांगुली — लता के सुपरहिट एवं सदाबहार नगमों की भावपूर्ण प्रस्तुतियां देंगी। कार्यक्रम का संचालन ज्योति धारकर द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दुर्ग सासंद पत्नि रजनी बघेल होंगी। विशिष्ट अतिथियों में ब्रह्मकुमारी आशा बहन, बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेफी चेयरमैन नरेंद्र बंछोर और डॉ. मीता डे प्रमुख रुप से उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम आयोजक महेश कुमार विनोदिया और शिप्रा मंडल ने बताया कि यह आयोजन महिला सशक्तिकरण की भावना को समर्पित है और समाज में महिलाओं एवं बालिकाओं के समान अधिकार, न्याय और सशक्त भागीदारी के समर्थन में एक प्रतीकात्मक पहल है।

श्रद्धालुओं ने एक स्वर में लगाए जय श्रीराम के नारे, भक्तिमय वातावरण मे झूमें भक्त

कार्नर न्यूज

# रावण वध, लंका विजय और श्रीराम के अयोध्या आगमन का किया संगीतमय सामूहिक पाठ, नवधा रामायण कथा का आज विश्राम

**भिलाई।** नेहरू नगर भिलाई स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में चल रहे नवधा रामायण महोत्सव के आठवें दिन शनिवार को रामायण पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। राक्षसों के संहार, लंका विजय, रावण वध तथा प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन के पावन प्रसंगों का संगीतमय एवं सामूहिक पाठ किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक स्वर में जय श्रीराम के उद्घोष के साथ पूरे वातावरण को राममय बना दिया।

### अयोध्या आगमन का दिव्य दृश्य कथा में किया प्रस्तुत

आठवें दिन की कथा का मुख्य आकर्षण रावण वध का प्रसंग रहा। जैसे ही मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा अधर्म और अहंकार के प्रतीक रावण का वध किया गया, श्रद्धालुओं ने भावुक होकर तालियों और जयकारों से प्रभु की महिमा का गुणगान किया। यह प्रसंग सत्य की असत्य पर और धर्म की अधर्म पर विजय का संदेश देता है। जोधपुर राजस्थान से पधारे रामायण पाठकर्ता पंडित गिरधर गोपाल आसोपा और पंडित सुशील आसोपा के श्रीमुख से मार्मिक शैली में प्रसंग का वर्णन किया गया। जिससे उपस्थित जनसमूह की आंखें नम हो गईं। इसके पश्चात प्रभु श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण के अयोध्या



आगमन का दिव्य दृश्य प्रस्तुत किया गया। अयोध्या नगरी में दीपोत्सव जैसा उल्लास और आनंद का वातावरण वर्णित किया गया। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रभु के स्वागत का प्रतीकात्मक उत्सव मनाया। पूरा मंदिर परिसर भक्ति गीतों, राम धुन और पुष्प वर्षा से गूंज उठा।

### समाज में धर्म, संस्कार और एकता का दिया संदेश

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। सभी ने एक साथ बैठकर रामचरितमानस का पाठ किया और इस सुंदर क्षण के साक्षी बने। आयोजन समिति ने बताया कि नवधा रामायण का यह आयोजन समाज में धर्म, संस्कार और एकता का संदेश देने के लिए किया जा रहा है। नवधा रामायण पाठ का आज समापन होगा। रविवार को रामायण पाठ सुबह 8.30 बजे शुरू होगा, जो दोपहर 1 बजे तक चलेगा। 1 बजे से महाभंडारा का आयोजन किया गया है। शनिवार को सामुहिक रामायण पाठ में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन सपत्निक शामिल हुए। उन्होंने रामायण पाठकर्ता आसोपा बंधुओं का आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर समिति नेहरू नगर के अध्यक्ष संजय रुंगटा, बंशी अग्रवाल, चतुर्भुज राठी, सुधीर अग्रवाल, ललित सक्सेरिया, प्रहलाद रूंगटा, दिव्याम अग्रवाल, विशम्भर अग्रवाल, रवि पीडियार, नवल अग्रवाल, दिनेश सिंघल, राजकुमार अग्रवाल,संतोष रुंगटा, दिलीप अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सुभाष गुलाटी, विकास सिंघल, सुरेश जैन, मनीष पाण्डेय, रवि प्रकाश पाण्डेय, राज कुमार अग्रवाल, विजय गुप्ता, खेमचंद मध्यानी, कांतिलाल शर्मा, अशोक सिंघल, राम भगत अग्रवाल, उषा दिनोंदिया, सुनीता अग्रवाल के अलावा हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



## सिटी इवेंट

# गौ विज्ञान परीक्षा में विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा, मिला पुरस्कार



**भिलाई।** गौ विज्ञान परीक्षा 2025–26 की महाविद्यालयीन परीक्षा के अंतर्गत भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान, दुर्ग में परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजक एवं संस्थान परीक्षा समन्वयक प्रोफेसर डॉ. संजीव कर्माकर वशिष्ठ ने अपने संबोधन में कहा कि गौ आधारित अध्ययन एवं परीक्षाएं विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। समारोह में संस्थान के प्राचार्य डॉ. एसके जायसवाल, गौ सुरक्षा दुर्ग संभाग प्रमुख विजय अग्रवाल, जिला परीक्षा संयोजक डॉ. एसपी शुक्ला, विभागीय समन्वयक डॉ. नागेंद्र त्रिपाठी, डॉ. श्रवण पांडेय, डॉ. रजनीश एवं अजय मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही। संस्थान से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मनीष कुमार पिता नरेश कुमार, एमसीए प्रथम सेमेस्टर तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कोमल साहू पिता अशोक साहू, एमसीए प्रथम सेमेस्टर को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त परीक्षा में सहभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य और अतिथियों ने गौ-आधारित सामाजिक प्रासंगिकताओं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने भी विषय के प्रति अपना समर्थन एवं सकारात्मक सहभागिता प्रदर्शित की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

- भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान, दुर्ग में प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

## स्पोर्ट्स लाइव

# ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी स्पर्धा के लिए सीएसवीटीयू की टीम रवाना



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू भिलाई की पुरुष और महिला शतरंज टीम अखिल भारतीय पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुई। पुरुष वर्ग में विश्वविद्यालय के खिलाड़ी अभिनव कुमार बिंद्रा, अर्पित कुमार सिंह, आयुष सिंह, गुंजन देवांगन एवं मानस सिंह टीम मैनेजर अर्जुन सिंह तथा टीम कोच शुभम सोनी के मार्गदर्शन में ओडिशा स्थित केआईएसएस यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर के लिए रवाना हुए। यह प्रतियोगिता 2 से 6 मार्च तक आयोजित की जाएगी। वहीं महिला वर्ग में विश्वविद्यालय की खिलाड़ी धारिणी साहू, मीमांसा पांडेय, नित्या तिवारी, ओमी जैन एवं वासुकी दुबे टीम मैनेजर युगल किशोर और कोच सुमित्रा मंडावी के साथ पश्चिम बंगाल स्थित एडमास यूनिवर्सिटी कोलकाता के लिए रवाना हुईं। महिला वर्ग की प्रतियोगिता 2 से 4 मार्च तक आयोजित है। दोनों टीमों को विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. रोहित कुमार मिरी और प्रभारी खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज ने शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय खेल विभाग के सहायक रामनारायण बंजारे, मनीष कश्यप, सियाराम साहू सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## सिटी लाइव

# बीएसपी के 58 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त, प्रबंधन ने दी भावभीनी



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से फरवरी 2026 माह में कुल 58 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के 3 सदस्यों सहित 3 कार्यपालक व 55 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में शनिवार को किया गया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ और सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पवन कुमार, केसी मिश्रा उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों से संवाद कर संयंत्र के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में उनके अनुभव और सुझाव आमंत्रित किए, जिन पर निदेशक प्रभारी एवं कार्यपालक निदेशकों ने विस्तार से चर्चा की। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों ने अपने कार्यकाल की यात्रा साझा करते हुए अनुभवों और विचारों को व्यक्त किया। सेवानिवृत्त होने वाले कार्यपालकों में महाप्रबंधक परचेस विकास कुलकर्णी, महाप्रबंधक पीएन बीएस विद्या सागर देवांगन तथा सहायक प्रबंधक एसएमएस-3 आर एन शर्मा शामिल हैं। वहीं भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं पीके सरकार और उप महाप्रबंधक मानव संसाधन-एससीसीए राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

---

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन, 2026 की थीम विज्ञान में महिलाएं- विकसित भारत की उत्प्रेरक

# दृष्टिबाधित के लिए निर्मित ब्लाइंड स्टिक का किया प्रदर्शन, दैनिक जीवन में वैज्ञानिक सिद्धांतों को व्यवहारिक विज्ञान से जोड़ा

**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही और सभी में उत्साह, वैज्ञानिक चेतना दिखाई दी। इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का विषय विज्ञान में महिलाएं- विकसित भारत की उत्प्रेरक रखा गया है। जिसमें भारत की वैज्ञानिक प्रगति में महिलाओं की निर्णायक भूमिका को रेखांकित किया। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों ने दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए निर्मित 'ब्लाइंड स्टिक' का सजीव प्रदर्शन किया, जो अवरोधों की पहचान करने में सक्षम है। बच्चों ने दैनिक जीवन में निहित वैज्ञानिक सिद्धांतों का रोचक प्रदर्शन कर व्यवहारिक विज्ञान से जोड़ा, साथ ही विद्यार्थियों द्वारा नाटिका में जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच की शक्ति का प्रश्नोत्तरी के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और राष्ट्र निर्माण में विज्ञान की भूमिका को सुदृढ़ रूप से स्थापित करना था।





### वैज्ञानिक सोच की शक्ति पर किया प्रश्नोत्तरी

सातवीं के विद्यार्थियों ने दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए निर्मित 'ब्लाइंड स्टिक' का सजीव प्रदर्शन किया, जो अवरोधों की पहचान करने में सक्षम है। इस नवाचार को उसकी सामाजिक उपयोगिता एवं रचनात्मकता के लिए सराहा गया। अनय एवं उनकी टीम ने दैनिक जीवन में निहित वैज्ञानिक सिद्धांतों का रोचक प्रदर्शन कर विद्यार्थियों को व्यवहारिक विज्ञान से जोड़ा। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एक अन्य नाटिका में जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच की शक्ति को विज्ञान प्रश्नोत्तरी के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

### विद्यार्थियों को विज्ञान दिवस के बताए महत्व

कार्यक्रम की शुरुआत महान वैज्ञानिक सी वी रमन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। भौतिकी के स्नातकोत्तर शिक्षक संजय चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को विज्ञान दिवस के महत्व और डॉ. रमन के वैज्ञानिक योगदान के विषय में विस्तार से अवगत कराया और दिनभर आयोजित गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी 1928 में भारतीय भौतिक विज्ञानी चंद्रशेखर वेंकट रमन ने 'रमन प्रभाव' की ऐतिहासिक खोज की थी। प्रकाश के प्रकीर्णन से संबंधित इस महत्वपूर्ण खोज के लिए उन्हें वर्ष 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। इसलिए हर साल 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है।

### पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास का दिया संदेश

माध्यमिक विभाग के कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों ने भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान की भूमिका को पृथ्वी को प्रदूषण और विनाश से बचाने के संदर्भ में प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया और पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास का सशक्त संदेश दिया। शिक्षकों ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का यह आयोजन अत्यंत प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक रहा, जिसने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा को सशक्त किया और विशेष रूप से महिला वैज्ञानिकों के योगदान को सम्मानित करते हुए विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम के समापन पर उप प्राचार्या ने अपने उद्बोधन कहा कि विज्ञान केवल सैद्धांतिक ज्ञान नहीं, बल्कि अभ्यास और प्रयोग से विकसित होने वाली विधा है। नाट्य प्रस्तुतियों का निर्देशन शीला चाको एवं राजेश कुमार ने किया। इस दौरान विज्ञान संकाय के शिक्षकों वी. के. यादव, दिनेश पाटले, एस. के. राय, गीता माली, संजीव भदोरिया, एम. ए. नंदनवार, डॉ अजय आर्य, एम. के. बोरकर, आशुतोष सिंह एवं मुख्याध्यापक कमल सोनी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

---

## जामुल में आयोजन

# विद्यार्थियों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति



**भिलाई।** उदय महाविद्यालय जामुल-भिलाई में शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि सरस्वती बंजारे अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, विशिष्ट अतिथि कोमल प्रसाद अध्यक्ष बीएसपी एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन, विजय कुमार रात्रे सचिव बीएसपी एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन, डॉ. जवाहर साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संचालक डॉ. टीआर साहू ने की। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. अलिपा साहू ने उपलब्धियों से अवगत कराया। वहीं मुख्य अतिथि सरस्वती बंजारे ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए छात्रावास, शिक्षा से संबधित सरकारी योजनाओं की जानकरी दी।

बीएड छात्राध्यापकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें गणपति वंदना नृत्य, नाटक छत्तीसगढ़ी संस्कृति दर्शन, शिव तांडव, सरगुजिया कर्मा नृत्य, सुवा नृत्य, रेला पाटा नृत्य, जोहार आदिवासी नृत्य शामिल।

विशिष्ट अतिथि कोमल प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम केवल नाच गाना या मनोरंजन का मंच नही है बल्कि यह हमारी विविधता, हमारी परंपराओं और हमारी छिपी हुई प्रतिभाओं का उत्सव है। मंच संचालन बीएड चतुर्थ सेमेस्टर ताराचंद और चंचल निर्मलकर ने किया। इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. कलावती राव, सहायक प्रध्यापक भूमिका साहू, डॉ. सवित्री जघेल, पूर्णिमा साहू, डॉ. हेमंत जैन, कल्पना गुप्ता, सतनाम सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## स्वीट मनी का वितरण

# भिलाई महिला समाज ने वर्कर्स संग साझा की होली की खुशियां



**भिलाई।** भिलाई महिला समाज ने होली के अवसर पर समाज की विभिन्न इकाइयों दस्ताना, पेट्रोल पंप, मसाला, स्टेशनरी और साबुन इकाई में कार्यरत वर्कर्स के मध्य स्वीट मनी का वितरण कर त्यौहार की खुशियां साझा की। इस पहल का उद्देश्य श्रमिकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना तथा उत्सव की भावना को प्रत्येक कार्यस्थल तक पहुंचाना रहा।

सेक्टर-6 स्थित दस्ताना इकाई और सेक्टर-1 स्थित मसाला इकाई में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में महिला समाज की कार्यकारी अध्यक्षा छवि निगम और उपाध्यक्ष पूनम कुमार ने सभी कर्मचारियों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था की प्रगति में कार्यरत कर्मियों की निष्ठा, अनुशासन और परिश्रम की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने सभी वर्कर्स के समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों ने भी महिला समाज की इस पहल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा संगठन और कर्मचारियों के मध्य सौहार्दपूर्ण संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाते हैं। कार्यक्रम में भिलाई महिला समाज की महासचिव सोनाली रथ, सह सचिव चैती पाल, कोषाध्यक्ष शिखा जैन, सह कोषाध्यक्ष रीता तिवारी तथा वर्किंग कमेटी सदस्य रूखसाना बेगम, सुधा शर्मा, रागिनी शर्मा, सुषमा सलवटकर, बबीता सिंह, सपना सोनी, नीलिमा साहू और लक्ष्मी पटेल उपस्थित रही। उल्लेखनीय है कि संयंत्र की स्थापना के बाद से ही इस क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से गठित भिलाई महिला समाज, अंचल की प्रमुख महिला संगठन हैं, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये अनेक उत्पादक इकाईयों का संचालन करती है।

---

सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मिलन समारोह हर्षोल्लास से संपन्न

# 30 सालों बाद मिले सहकर्मी, पुरानी यादें की ताजा, सेवानिवृत्त के बाद अपने अनुभवों को युवा पीढ़ी और राष्ट्र हित में करे साझा

## कार्नर न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के इलेक्ट्रिकल के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मिलन समारोह भिलाई निवास काफी हाउस सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संयंत्र के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित हुए, जिन्होंने 25-30 वर्षों बाद एक-दूसरे से मिलकर पुरानी यादों को ताजा किया। वे आपस में गले मिले, भावुक हुए, खुशियां बांटी, पुरानी यादें एवं अनुभव साझा किए। इस अवसर पर गीत, कविता और हास्य की प्रस्तुतियों ने समां बांधा, जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया।आयोजन में प्रमुख रूप से संयंत्र के पूर्व सीईओ पंकज गौतम, पूर्व वरिष्ठ उच्च अधिकारी गण एस. एस. वर्मा, वी. एन. पाल, बाला सुब्रह्मण्यम, उत्तम चंद देवांगन, घनश्याम कुमार देवांगन, बी. सी. तिवारी, ए. के. पति, सी. एस. शेषू, एस. के. श्रीवास्तव, ए. वी. आर. मूर्ति, सुशील कुमार सिंह, अखिलेश वर्मा आदि सहित 50 से अधिक पूर्व अधिकारी एवं कर्मियों की भागीदारी रही।संयंत्र के पूर्व सीईओ पंकज गौतम ने कहा कि संयंत्र कर्मी सेवानिवृत्त के बाद किसी संस्था-समिति से जुड़कर अपने अनुभवों को परिवार, समाज, युवा पीढ़ी और राष्ट्र हित में निरंतर साझा करें। उन्होंने कहा कि समय के साथ तकनीक बदलती है, लेकिन मूल्य, निष्ठा और कर्मठता जैसे गुण सदैव स्थायी रहते हैं। सच्ची सफलता केवल पद या वेतन में नहीं, बल्कि अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण में होती है।



### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में प्रवीण कुमार चोपड़ा, सुनील ठाकुर, ललित देवांगन द्वारा गीत, कविता एवं हास्य प्रस्तुतियों ने समां बांधा, जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। आयोजन में सुशील कुमार सिंह, सूर्यकांत तिवारी, ललित देवांगन छाया, निर्मल सिंह एवं बलविंदर सिंह का विशेष सम्मान किया गया।



### अपने जीवन के अनुभवों और स्मृतियों को किया साझा

मिलन समारोह के दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने वर्तमान जीवन, अनुभवों एवं पुरानी स्मृतियों को साझा किया, जिसने सभी को भावुक कर दिया। सेवा काल की महत्वपूर्ण घटनाओं, चुनौतियों एवं उपलब्धियों पर चर्चा हुई तथा नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक संदेश भी दिए गए। इस अवसर पर सभी वरिष्ठ साथियों का सम्मान कर उनके योगदान को सराहा गया। पूर्व संयंत्र कर्मी एवं फिल्म कलाकार, निर्माता निर्देशक अखिलेश वर्मा एवं साहित्यकार ललित देवांगन छाया का उनके उल्लेखनीय योगदान एवं उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सूर्यकांत तिवारी एवं आभार प्रदर्शन सुशील कुमार सिंह ने किया। समारोह में सभी सदस्यों ने कहा कि यह अवसर हम सभी के लिए केवल एक मिलन नहीं, बल्कि उन अनमोल स्मृतियों को फिर से जीने का अवसर है, जिन्हें हमने अपने कर्मक्षेत्र भिलाई इस्पात संयंत्र में वर्षों की सेवा के दौरान संजोया है। यह मिलन समारोह हमें यह संदेश देता है कि संबंध कभी समाप्त नहीं होते। सेवा से निवृत्ति हो सकती है, लेकिन प्यार, अपनापन, सहयोग और एकता का बंधन सदैव बना रहता है।

## खबर संक्षेप

### नेटबॉल टीम के लिए फाइनल सिलेक्शन ट्रायल आज




**भिलाई।** नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छग द्वारा जूनियर वर्ग में छत्तीसगढ़ के लिए फाइनल सिलेक्शन ट्रायल का आयोजन 1 मार्च को प्रदेश के चार अलग-अलग जोनों में किया जाएगा। एसोसिएशन की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा ने बताया कि नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जूनियर वर्ग में ट्रेडिशनल नेटबॉल, फास्ट-फाइव नेटबॉल और मिक्स नेटबॉल कैटेगरी में नेशनल टूर्नामेंट की घोषणा कर दी गई है। यह टूर्नामेंट आगामी 24 से 31 मार्च तक मुजफ्फरनगर यूपी में आयोजित है। छत्तीसगढ़ की टीम के चयन के लिए जिलों को चार जोनों में बांटा गया है।जिला सचिव नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन दुर्ग एस मोहन राव ने बताया कि दुर्ग जोन का फाइनल सिलेक्शन ट्रायल भिलाई विद्यालय स्कूल सेक्टर-2 स्थित नेटबॉल ग्राउंड में रविवार सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। इसमें राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बेमेतरा और बालोद जिलों के खिलाड़ी शामिल होंगे। ट्रायल में भाग लेने खिलाड़ियों के पास एनएफटी रजिस्ट्रेशन नंबर होना अनिवार्य है और केवल वही खिलाड़ी पात्र होंगे जिन्होंने राज्य स्तर पर अपने जिले का प्रतिनिधित्व किया हो।

### आमटी में मना होली मिलन समारोह

**अंडा।** ग्राम पंचायत आमटी में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह में ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, उप सरपंच डॉ. तुला राम साहू, सचिव उत्तम देशमुख सहित पंचगण पंकज पटेल, शारदा पटेल, राजेश कुमार देवांगन, चमेली निषाद आदि मौजूद थे।

# देशहित और समाजहित में कार्य करने का सशक्त माध्यम है एनएसएस

**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय**

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। शिविर में शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली, शासकीय आदर्श महाविद्यालय धनोरा, डॉ. खूबचंद बघेल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई–3 तथा अपोलो कॉलेज अंजोरा के लगभग 200 स्वयंसेवकों ने सहभागिता निभाई।

सरस्वती वंदना हंसा की सवारी दाई ओ पर सामूहिक नृत्य ने उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि दुर्ग महापौर अलका बाघमार थी। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी ने की। कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग अनुपमा अस्थाना, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू और पार्षद हिरौंदी चंदानिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. तिवारी ने कहा कि एनएसएस उत्कृष्ट अनुशासन के साथ देशहित एवं समाजहित में कार्य करने का सशक्त माध्यम है। कुलसचिव ने युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए एनएसएस को श्रेष्ठ मंच बताते हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। महापौर अलका बाघमार ने युवाओं को देहदान के लिए प्रेरित किया तथा जीवन में सामंजस्य, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला।




### नुक्कड़ नाटक और रैली से दिया जागरूकता का संदेश

कार्यक्रम समन्वयक प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान ने बताया कि शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने तालाब की पचरियों की सफाई, दीवार लेखन, जल संरक्षण, पक्षी बचाओ अभियान, नशा उन्मूलन जागरूकता, स्वच्छता अभियान, नुक्कड़ नाटक और जागरण रैली जैसे विविध सेवाकार्य किए। शिविर में उत्कृष्ट सेवाकार्य के लिए कार्यक्रम अधिकारियों दिनेश कुमार देवांगन भिलाई–3, डॉ. संदीप कुमार आदर्श महाविद्यालय, वेदप्रकाश नवीन महाविद्यालय रिसाली, देवव्रत नंदेश्वर अपोलो महाविद्यालय अंजोरा तथा स्वयंसेवकों को कुलपति और अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रभातफेरी, योग, हार्टफुलनेस, बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। डा. आरपी अग्रवाल ने युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा के साथ कर्म ही पूजा के सिद्धांत पर चलने का संदेश दिया।

**राजस्व करों की वसूली के लिए चल रहा है विशेष अभियान**

# नगर निगम भिलाई के 287 बकायादारों से कुर्की कर वसूले 128 लाख 27 हजार रुपए

**बकाएदारों पर सख्ती कर निगम करेगा कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई में राजस्व करों की वसूली हेतु विशेष अभियान चला रहा है। बकायादारों को पहले नोटिस जारी कर वसूली की कार्यवाही की जा रही है। उसके बाद भी यदि बकायादार टैक्स नहीं दे रहा तो कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। विशेष अभियान के तहत जिन भवनों या संस्थानों द्वारा बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है ऐसे बकायादारों को कुर्की वारंट जारी किया जा रहा है तथा भुगतान नहीं किये जाने की दशा में संपत्तियों की सीलिंग, जब्ती व कुर्की की कार्यवाही भी की जा सकती है। कुर्की के माध्यम से 287 बकायादारों से कुल राशि रूपये 128 लाख 27 हजार 234 की वसूली की गई है।

### कुर्की कार्रवाई से इतने की वसूली

भिलाई निगम के पांच जोन में राजस्व वसूली का विशेष अभियान चल रहा है। जोन-1 क्षेत्रांतर्गत कुर्की के माध्यम से 131 बकायादारों से 525314800 रुपए वसूल किया गया। जोन-2 क्षेत्रातर्गत कुर्की के माध्यम से 43 बकायादारों से 212445100 रुपए वसूल किया गया। जोन-3 में कुर्की के माध्यम से 30 बकायादारों से 219634100 रुपए वसूल किया है। जोन-4 में कुर्की के माध्यम से 58 बकायादारों से 2035299 रुपए की वसूली की गई। जोन-5 में कुर्की के माध्यम से 19 बकायादारों से 61799800 रुपए वसूल किया गया।



### संपत्ति कर, समेकित कर व जलकर से 8430 लाख

भिलाई निगम संपत्ति कर ,समेकित कर, जलकर इत्यादि समस्त स्त्रोतो से 8430.20 लाख का राजस्व प्राप्त किया है। भिलाई निगम में राजस्व प्राप्ति का मुख्य आधार टैक्स की वसूली है। निगम के 70 वार्डों से टैक्स जमा करवाने के लिए डोर टू डोर भी वसूली अमला पहुंच रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति की तरफ है। इसलिए भिलाई निगम टारगेट पूरा करने के लिए पूरा जोर लगा रही है।

### वसूली एजेंसी का कार्य भी अपेक्षित नहीं

भिलाई निगम द्वारा टैक्स वसूली के लिए ठेका एजेंसी हायर किया गया है। इस एजेंसी के कर्मी लोगों से टैक्स वसूली करने के लिए घर-घर जा रही है लेकिन वसूली निगम के हिसाब से अपेक्षित नहीं है। पिछली समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने एजेंसी की वसूली को लेकर नाराजगी दिखाई थी। एजेंसी को मार्च 2026 तक टारगेट के अनुरूप वसूली करने की सख्त हिदायत दी गई है।

### 31 मार्च के बाद लगेगा अधिभार

वित्तीय वर्ष समाप्ति की तरफ है। हमारी नागरिकों से अपील है कि राजस्व कों का भुगतान निर्धारित समयावधि 31 मार्च 2026 के पूर्व टैक्स का भुगतान कर लें। इससे वे अधिभार एवं अनावश्यक कार्यवाही से बच सकते हैं। राजस्व करों का भुगतान कर शहर के विकास में सहयोग प्रदान करें। **-राजीव कुमार पांडेय,** निगम

# जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया धरना-प्रदर्शन



**भिलाई।** दुर्ग जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने सामूहिक अवकाश लेकर धरना-प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि प्रदेश सरकार उन्हें शासकीय कर्मचारी घोषित करे।

न्यूनतम वेतनमान सहित बुनियादी दी जाएं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ छत्तीसगढ़ के समस्त यूनियनों के द्वारा चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। जिसका पहला चरण जिला व ब्लॉक मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन कर किया गया। द्वितीय चरण 9 मार्च को प्रदेश स्तर पर धरना रैली व विधान सभा घेराव करेंगे।

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को प्रधानमंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि जिस प्रकार शिक्षा कर्मी व पंचायत कर्मी को नीति बनाकर नियमित किया गया उसी प्रकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को भी शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए । न्यूनतम वेतन प्रदान किया जाए शासकीय कर्मचारी घोषित होने तक कार्यकर्ता सहायिकाओं को न्यूनतम वेतन दिया जाए। साथ ही प्रतिवर्ष 1000 रुपए मानदेय बढ़ोतरी का एग्रीमेंट किया जाए जैसे कि दूसरे राज्य ने किया है।

## कांग्रेसियों ने पीएम का पुतला फूंका

**भिलाई।** दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान भारत अमेरिका के बीच पीएम मोदी द्वारा ट्रेड डील में किए गए हस्ताक्षर के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शांतिपूर्ण सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को गंभीर धाराओं में गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरोध में अहिवारा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत साहू के नेतृत्व में अहिवारा बस स्टैंड पर सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी कर पीएम मोदी का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पुलिस की भी झूमा झटकी हुई पर कांग्रेस कार्यकर्ता अपना विरोध दर्ज करने में सफल हुए। पुतला दहन में ओनी महिलांग, संतोष बाफना, उमेश साहू, कैलाश नाहटा, सरस्वती रात्रे, जगदीश मारकंडे, अभिषेक जांगड़े, रोहित यादव, नागमणि साहू, उमेश बंजारे, मंजू यादव, सूर्यकांत वैष्णव, मुरली कृष्णा, तोरण पाटिल, नरेंद्र चौहान, जसवंत गायकवाड, धरम बर्रे, राजा पाल, मोनू जैन, मयंक बरहरे, सूर्य प्रकाश खरे आदि मौजूद थे।



# चोरी, अवैध हथियार व शराब बिक्री पर पुलिस की कार्रवाई

### निर्माणाधीन भारत माला प्रोजेक्ट से लोहा पार

**भिलाई।** निर्माणाधीन भारत माला प्रोजेक्ट से लोहे का सामान पार करने का मामला सामने आया है। घटना 26 फरवरी की रात की है।उतई पुलिस ने बताया कि पुल के नीचे ईंट भट्ठा के पास रखा लोहे के सामान चोरी कर अज्ञात पार कर दिया है। प्रोजेक्ट के एचआर नागेन्द्र शर्मा ने पुलिस में शिकायत किया है। जिसमें बताया गया है कि उमरपोटी रोड पर ईंट भट्ठा के पास पुल के नीचे व-यू जैक, जैक पाइप और सटरिंग प्लेट खुले स्थान पर रखा गया था। जिसे 26 फरवरी की रात युवकों ने गायब किया है। आसपास के लोगों से जानकारी मिलते ही युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज कराया गया। चोरी हुए सामान की कीमत 12 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी उतई के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### जिला बदर आरोपी अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार

**भिलाई।** पुलगांव थाना शिवनाथ नदी रोड स्थित पानी टंकी के पास पुलगांव के पास लोगों को डराते, धमकाते और हथियार लहराते विक्रांत उर्फ विक्की चंद्राकर, उम्र 27 कोनारी को पुलिस ने पकड़ा। उसके पास से धारदार हथियार जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी निगरानीशुदा बदमाश है, जिसके विरुद्ध पूर्व में 09 अपराध पंजीबद्ध हैं। उसके विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई भी की गई थी। जिला बदर अवधि के दौरान क्षेत्र में उपस्थित होकर सार्वजनिक शांति भंग करने एवं होली पर्व के मद्देनज़र संभावित गंभीर अपराध की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, चालक गिरफ्तार

**भिलाई।** ट्रक चालक की लापरवाही के कारण बाइक सवार की हादसे में मौत हो गई। घटना रसमड़ा क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि ग्राम सलोनी निवासी ऐमंत साहू अपने दोस्त के साथ बाइक सीजी 07 जेडआर 3592 से रसमड़ा स्थित ए.एस. ग्लोबल फेब्रिकेशन कंपनी में काम पर जा रहा था। इस दौरान बाइक को ऐमंत चला रहा था। उसका दोस्त बाइक के पीछे बैठा था। दोनों रोज बाइक से काम करने जाया करते थे। बाइक सवार रायपुर स्टील प्लांट के सामने पहुंचे थे। तभी पीछे से आ रहे ट्रक सीजी 07 बीएफ 3747 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को पीछे से ठोकर मार दी। घटना में पीछे बैठा युवक बाहर की ओर जा गिरा और ऐमंत ट्रक के पहिए के नीचे में फंसकर कुछ दूर तक घसीटता रहा। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक की लापरवाही कर ट्रक को आगे बढ़ा दिया। ट्रक बढ़ने से ऐमंत चपेट में आया था। ऐमतं को तुरंत रायपुर स्टील प्लांट की एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर वाहन को जब्त किया है।

### शराब की बिक्री पुलिस की नजर, चलाया जा रहा जब्ती अभियान

**भिलाई।** होली को ध्यान रखते हुए जिला पुलिस अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने सक्रिय हो गई है। इसे लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को पुलगांव और सुपेला थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के मामले सामने आए। पुलिस ने जब्ती कर वैधानिक कार्रवाई की। सुपेला पुलिस ने कृष्णा नगर, डमरू मोहल्ला में अवैध रूप से शराब बिक्री की जानकारी के बाद घेराबंदी की।

आरोपी दीनानाथ चौहान एवं मुखिया देवी को पकड़ा। उनके विरुद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। उनके पास से 34 पौव्वा करीब 3 हजार कीमत की शराब जब्त की गई। इसी प्रकार पुलगांव ने हनोदा रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास चंदखुरी क्षेत्र में शराब पकड़ी। आरोपी नरेंद्र बारले उम्र 32 वर्ष निवासी चंदखुरी 3200 रुपए कीमत की शराब जब्त किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

### तलवार लहराकर डराने-धमकाने वाले पकड़ाए

भिलाई। सुपेला थाना अंतर्गत लक्ष्मी नगर में धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराते, धमकाते आकाश चौहान उर्फ झटका उम्र 30 वर्ष को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक धारदार हथियार जब्त किया गया। उसके विरुद्ध धारा 25, 27 के तहत कार्रवाई की गई। शनिवार को स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची। उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी की जिला कार्यकारिणी घोषित



**भिलाई।** भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर द्वारा प्रस्तावित जिला कार्यकारिणी की सूची को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने अनुमोदित कर दिया है। कार्यकारिणी में एक कोषाध्यक्ष, 12 उपाध्यक्ष, 18 महामंत्री, 20 सचिव एवं 10 कार्यकारिणी सदस्यों को जगह मिली है। कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष के पद पर सुजीत कुमार साहू को न्युक्त किया गया है। उपाध्यक्ष पद पर मेरिक सिंह, मुकुंद भाऊ, राधेकांत मिश्रा, नंदकुमार कश्यप, गिरी राव, कमलेश देवांगन, टेकराम डड़सेना, डी कामराजू, तुलसी पटेल, पंकज पाल, अशोक साहू और केशव चौबे को जिम्मेदारी दी गई है।

महामंत्री पद पर राजेश साहू, भूपेंद्र यादव, लालचंद वर्मा, प्रभाकर जनबंधु, संगीता मिश्रा, राजेंद्र रजक, दर्शन सिंह, मोहम्मद रफीक, भुवनेश्वरी रानी, राजेश चौधरी, शमशेर सिद्दीकी, इमरान अंसारी, निरंजन बिसाई, संजय विश्वकर्मा, सूर्यकांत सिन्हा, आनंद डोगरे, सुमित पवार और विनोद यादव को शामिल किया गया है।

सचिव पद पर शिव सिंह, राजकुमार देशमुख, तनु चंद्राकर, कीर्ति लता वर्मा, पवन कोसरे, चुम्मन देशमुख, अमृत पाल सिंह, दुर्गेश ताम्रकार, नेहा साहू, अली हुसैन सिद्दीकी, स्वप्निल जैन, आशीष, शिखा राय सिंह, डी नारायण, दीपांशु वर्मा, आशीष शुक्ला, समीर साहू, शोएब, सोनिया और अंजू सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्यों में प्रमोद प्रभाकर, अरविंद ताम्रकार, श्रीमती अनुसूईया मरकाम, धर्मेंद्र कृष्णानी, सोसन लोगन, विभा शर्मा, गौरव श्रीवास्तव, जितेश बंजारे, आशीष गुप्ता और गिलौरी एंथोनी को शामिल किया गया है।

### सुमित पवार बने महामंत्री

कांग्रेस के तेज तर्रार युवा नेता और विधायक देवेंद्र यादव के करीबी सुमित पवार को महामंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी इस नियुक्ति पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ और युवा नेताओं ने हर्ष जताया है।



### सिद्दीकी बने सचिव

अली हुसैन सिद्दीकी को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिद्दीकी की नियुक्ति पर कार्यकर्ता ने हर्ष जताया है।






**खाली भूखंडों में दुकानदारों ने स्वयं किया है मकान निर्माण**


# कोर्ट के आदेश के बाद लीज नवीनीकरण प्रक्रिया शुरू करने चेंबर ऑफ कॉमर्स ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

▪ आयुक्त ने विधिक कार्रवाई का दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स भिलाई के प्रतिनिधि मंडल ने नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव पांडेय से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बीएसपी द्वारा प्रस्तुत आपत्ति 17- 9-2025 सह पठित लिखित अभिवचन 20 /11/2025 को उपरोक्त अनुसार निराकरण किया गया है ।छत्तीसगढ़ राजपत्र आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा अधिसूचना क्रमांक एफ - 07-18/2015/32, दिनांक 28- 7 -2016 द्वारा प्रकाशित राजपत्र अनुसार छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के अंतर्गत निर्मित छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 के नियम 21 के उप नियम (तीन) के खंड (ख) में भवन अनुज्ञा हेतु प्रभार्य शुल्क की गणना हेतु प्रावधान निर्धारित किया गए हैं ,जो उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश पश्चात विधि मान्य हो गए हैं । अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने आयुक्त नगर पालिका निगम को उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा जारी आदेश पश्चात पत्र लिखकर अपील की है कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा लीज पद्धति पर प्रदान किये गए भूखंडों के संबंध में रिट याचिका डब्ल्यू पी 1394/1994 तथा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अभिवचन किया गया है कि बीएसपी का संबंध लीज पर प्रदान किये गए भूखंडों पर निर्मित भवनों से नहीं है,क्योंकि उक्त भवन भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा निर्मित नहीं किये गए है। जो की विभिन्न लीजधारियों / लायसेंस धारक दुकानदारों को प्रदान की गई है। लीज धारक दुकानदारों द्वारा उक्त भूखंडों पर भवन दुकान का निर्माण किया गया है। अतः यदि भवन अनुज्ञा लिया भी जाना चाहिए था तो संबंधित लीज धारक दुकानदारों द्वारा लिया जाना चाहिए था। संयंत्र का कोई दायित्व इस संबंध में नहीं है । जैन ने कहा कि जब भिलाई इस्पात संयंत्र स्वयं उच्च न्यायालय बिलासपुर में नगर निगम भिलाई की याचिका पर इस तरह का जवाब दे रहा है ऐसी स्थिति में नगर निगम भिलाई को दुकानों के नियमितीकरण की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से आरंभ करना चाहिए। करीब 4500 से अधिक भूखंडों पर ,आवासीय एवं 1500 दुकानों को सह आवास की अनुमति देकर लीज पद्धति पर आवंटित किया है। निगम सामान्य सभा द्वारा बैठक 13.11.2025 में क्रमांक 5 डी में संकल्प पारित किया गया है कि भिलाई इस्पात संयंत्र क्षेत्र द्वारा लीज पर दिए गए आवास एवं दुकानों में लिज धारक द्वारा किए गए निर्माण अथवा अतिरिक्त निर्माण पर आवेदन करने पर विधि सम्मत जांच कर संबंधित शुल्क लेकर नियमित किया जाएंगा ।सभी समस्याओं को सुनने के बाद आयुक्त ने विधि सम्मत कार्यवाही के निर्देश जारी करने की बात कही ।

### डॉ. निधि शुक्ला को पीएचडी उपाधि



**भिलाई।** शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता अर्जित करते हुए डॉ. निधि शुक्ला को जैव प्रौद्योगिकी विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह उपाधि श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विवि, भिलाई से प्राप्त की है। डॉ. निधि शुक्ला का शोध छत्तीसगढ़ के संकटग्रस्त औषधीय पौधे कॉरडिया मैक्लियोडी (दाहिमन) पर केंद्रित रहा। उनका शोध कार्य उनकी मार्गदर्शक डॉ. शैफाली माथुर के सतत एवं समर्पित मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। शोध प्रबंध का मूल्यांकन बाह्य परीक्षक डॉ. एस. बी. नन्देश्वर, प्रधान वैज्ञानिक एवं विभागाध्यक्ष, आईसीएआर_ केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, नागपुर द्वारा किया गया।

